सरूली बुआ

चुनावों में प्रचार एवं प्रसार हेतु स्वीप उत्तराखण्ड ने 'सरूली बुआ' को अपने मैसकॉट के रूप में चुना। साधारण उत्तराखण्डी महिला की वेशभूषा में सुसज्जित सरूली बुआ जल्द ही सबकी प्रिय बन गई। सरूली बुआ ने सरल आम बोलचाल की भाषा में समाज के प्रत्येक वर्ग तक चुनाव सम्बन्धी जानकारियां पहुंचाई। इस मैस्कॉट के माध्यम से वोटर कार्ड बनाने, कार्ड में संशोधन करने, वोट डालने के लिये लोगों को जागरूक किया गया।

लघु वीडियो फिल्म, पोस्टर्स, बैनर आदि के द्वारा गढ़वाली, कुमांऊनी व हिन्दी भाषा में सरूली बुआ ने सरल तरीके से निर्वाचन की प्रक्रिया को आमजन तक पहुंचाने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।